दैनिक प्रातः कालीन राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 119 मुरादाबाद 25 August 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने किया न्यू चंडीगढ़ में उद्घाटन, कहा- देश के हर जिले में मेडिकल कालेज खोलने की योजना




चंडीगढ़- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यू चंडीगढ़ स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन कर दिया है। इस अस्पताल का लाभ सात राज्यों पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को होगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए उसकी स्वास्थ्य सेवाओं का भी विकसित होना उतना ही जरूरी है। जब भारत के लोगों को इलाज के लिए आधुनिक अस्पताल मिलेंगे, आधुनिक सुविधाएं मिलेंगीं, तो वो और जल्दी स्वस्थ होंगे। उनकी ऊर्जा सही दिशा में लगेगी। पीएम ने कहा, अच्छे हेल्थकेयर सिस्टम का मतलब सिर्फ चार दीवारें बनाना नहीं होता। किसी भी देश का हेल्थकेयर सिस्टम तभी मजबूत होता है, जब वो हर तरह से समाधान दे, कदम-कदम पर उसका साथ दे, इसलिए बीते आठ वर्षों में देश में होलिस्टिक हेल्थकेयर को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश नई उंचाइयों को प्राप्त करने के लिए बढ़ रहा है। होमी भाभा कैंसर अस्पताल व रिसर्च सेंटर से पंजाब-हरियाणा के साथ भी हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी लाभ होने वाला है। मैं आज इस धरती का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पंजाब स्वतंत्रता सेनानियों, अपनी परंपरा को पंजाब ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत भी समृद्ध रखा है।पीएम मोदी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए वह धन्यवाद करते हैं। कुछ दिन पहले ही लाल किले से हम सभी ने अपने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। भारत को विकसित बनाने के लिए उसकी स्वास्थ्य सेवाएं को विकसित होना भी उतना ही जरूरी है। जब लोगों को आधुनिक अस्पताल व सुविधा मिलेगी और वह जल्दी स्वस्थ होंगे। उनकी ऊर्जा सही दिशा में लगेगी। पीएम ने कहा कि आज कैंसर अस्पताल देश को एक आधुनिक अस्पताल मिला है। यह सेंटर देश विदेश में अपनी सेवाएं उपलब्ध करवाकर लोगों का जीवन बचा रहा है। भारत सरकार कैंसर के क्षेत्र में अग्रिण रोल निभा रहा है। टाटा मेमोरियल के पास 1.5 लाख मरीजों के इलाज की सुविधा तैयार हो गई है। यह कैंसर मरीजों को राहत देने वाला है।पीएम ने कहा कि पहले लोग पीजीआइ आते थे, जहां काफी भीड़ होती थी। कई परेशानियां रहती हैं। अब तो बिलासपुर हिमाचल प्रदेश में एम्स बन गया है। जिसको बिलासपुर नजदीक पड़ता है वह वहां जाएगा, जिसको मोहाली नजदीक पड़ता है वह यहां आएगा। पीएम ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले सात-आठ साल में जितना हुआ है उतना पिछले 70 सालों में नहीं हुआ। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने एलजीपी देकर धुएं से होने वाली बीमारी से बचाया है। गांव में जितने अच्छे अस्पताल होंगे, उतनी जल्दी रोग का पता चलेगा। हमारी सरकार गांव-गांव को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने के लिए 1.5 लाख से ज्यादा हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर बनवा रही है।पीएम मोदी ने कहा कि 1.25 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ने काम करना शुरू कर दिया है। पंजाब में भी लगभग 3000 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेवा दे रहे हैं। देशभर में 22 करोड़ लोगों कैंसर से पीड़ित लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इसमें जितने भी साथियों में कैंसर की पहचान शुरुआती दौर में हो पाई है उन्हें गंभीर बीमारी से बचाया गया है। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कालेज पर काम कर रही है। उस यात्रा को कैंसल करना पड़ा था। मान ने पीएम से कहा कि हमें और भी मेडिकली जरूरत है। हेल्थ हमारी सरकार की प्रमुखता है। हमारे नौजवान आइलेट्स को ही डिग्री मान बैठे हैं। हमारी कोशिश है कि उन्हें पंजाब में ही रोक लें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। पीएम के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीएम का रूट पूरी तरह से छावनी में तब्दील किया गया है। प्रधानमंत्री का यह सरकारी कार्यक्रम है। कार्यक्रम में पंजाब राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित व सीएम भगवंत मान भी शामिल हैं। इसके अलावा भाजपा के नेता भी कार्यक्रम में पहुंचे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम भगवंत मान पहली बार एक मंच पर नजर आए। कार्यक्रम में भाजपा नेता भी शामिल होने के लिए पहुंचे हैं, लेकिन सबकी निगाह कांग्रेस से भाजपा में आए सीनियर नेताओं जिनमें सुनील जाखड़, राणा गुरमीत सिंह सोढी, बलबीर सिद्धू और फतेह जंग सिंह बाजवा शामिल हैं पर रहेगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि पीएम इन नेताओं को कितना वजन देते हैं। चंडीगढ़ के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की कमांडो को सौंपी कमान

पीएम की सुरक्षा के लिए पंचकूला, मोहाली से लगने वाले सभी 22 बाहरी और 18 आंतरिक मार्ग पर आपरेशन सेल के कमांडो के सुपरविजन में थाना पुलिस की तैनाती की गई है। इंटेलिजेंस, सीआइडी की टीम की खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस स्पेशल टीम की लगातार मूवमेंट जारी है। सएसपी कुलदीप सिंह चहल, एसएसपी मनीषा चौधरी के सुपरविजन में एयरपोर्ट से मुल्लांपुर जाने तक का चंडीगढ़ से रूट प्लान तैयार है। पीजीआइ के आसपास भी इंतजाम हैं। पंजाब में आतंकी हमले की साजिश पर केंद्रीय जांच एजेंसी के अलर्ट के बाद चंडीगढ़ में पुलिस अलर्ट पर है। पीएम की सुरक्षा में कोई चूक न रह जाए इसके लिए मोहाली जिले के सभी थानों के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मोहाली जिले की सारी पुलिस मुल्लांपुर में तैनात कर दी गई है। पुलिस लाइन में तैनात सभी मुलाजिमों को ड्यूटी पर लगाया गया है। बाहरी जिलों से भी पुलिस फोर्स बुलाई गई है। तीन हजार पुलिस मुलाजिम प्रधानमंत्री की सिक्योरिटी में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा स्पेशल फोर्स भी लगाई गई है। 35 चेक पोस्ट पर वाहनों को चेक किया जाएगा। प्रोग्राम खत्म होने के 2 घंटे बाद तक किसी भी पुलिस मुलाजिम को ड्यूटी स्थल छोड़ने की इजाजत नहीं है।

## सीएम योगी की चेतावनी, बोले- किसी माफिया-अपराधी को देश की युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान छेड़ते हुए उन्हें सख्त चेतावनी दी है। मुख्यमंत्री ने बेहद सख्त लहजे में कहा किसी माफिया या अपराधी को देश की युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं होगी। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती से निपटेंगे। इसमें संलिप्त माफिया और अपराधियों के मंसूबों को ध्वस्त करेंगे।नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ सख्ती से निपटेंगे- सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करते समय सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हिन्दुस्तान में युवा पीढ़ी के सामने जो सबसे बढ़ा चैलेंज है वह है नशा। नशे के कारोबारी युवाओं के भविष्य के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। सीएम योगी ने यूपी पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश के नशा कारोबारियों के खिलाफ प्रदेश की पुलिस को एक अभियान छेड़ना होगा। मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि नशे का कोई भी कारोबारी हो अगर वह अवैध और अनैतिक तरीके से युवा पीढ़ी को बरबाद करने के लिए अपनी अनैतिक गतिविधियों को संचालित कर रहा है तो हमे उसके खिलाफ अभियान चलाकर कानून के शिकंजे में उसे कैद करते हुए जितनी सख्ती के साथ उनके मंसूबों को ध्वस्त करना होगा और अपने अभियान को आगे बढ़ाना होगा। सीएम योगी ने कहा कि चाहे वह ड्रग के कारोबारी हों, जहरीली शराब के कारोबारी हों या कोई भी इस प्रकार के अनैतिक और अवैध गतिविधि में लिप्त हों जो पूरी युवा पीढ़ी के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हों यह अपने आप में एक राष्ट्रीय अपराध है। अपराध और ऐसे अपराधियों के खिलाफ हमारी एक नई मुहिम शुरु हुई है। जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस बल को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ कर कार्य करना होगा। क्यों कि यहां देश और युवा पीढ़ी के भविष्य को बचाने की मुहिम होगी। उन्होंने कहा कि आज हमारी सबसे बड़ी ताकत देश के अंदर हमारे युवा भाई बहन हैं। जिसकी सबसे बड़ी आबादी यूपी में निवास करती है और हम गर्व के साथ कहते हैं कि हमारे पास देश का सबसे अच्छा यूथ है। सबसे जुझारू यूथ है। इस युवा पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमे किसी माफिया या अपराधी को छूट नहीं देनी चाहिए जो इनके साथ खिलवाड़ कर रहा हो। सीएम योगी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है पिछले पांच वर्षों के अंदर यूपी पुलिस जिन कार्यक्रमों को लेकर आगे बढ़ी है उन कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक आगे बढ़ाने के साथ ही हम प्रदेश के अंदर कानून का राज स्थापित करने के शासन की मंशा को आगे बढ़ाएंगे। जब्त होगी नशे के कारोबारियों की संपत्ति-बता दें कि पहले ही निर्देश दे चुके हैं कि इस अभियान में चिन्हित अपराधियों की संपत्ति भी जब्त किया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर इनके पोस्टर लगाए जाएं ताकि राष्ट्र के खिलाफ अपराध कर रहे अपराधियों को समाज में सबक सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि ये सभी राष्ट्रीय अपराधी हैं और इन्हें हर हाल में दंडित होना चाहिए।

# प्रतिरक्षा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में कोविड टीकाकरण के प्रचार प्रसार हेतु चलने वाली प्रतिरक्षा एक्सप्रेस को जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम ने कलेक्ट्रेट परिसर से 20 प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रतिरक्षा एक्सप्रेस को चलाने का उद्देश्य प्रिकॉशन डोज के लिए लोगों को जागरूक करना है। यह प्रचार वाहन जिले के सभी ब्लाक मुख्यालयों पर आज से 10 दिन तक चलाई जाएगी और कोविड टीकाकरण के लिए प्रचार प्रसार करेंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन प्रतिरक्षा एक्सप्रेस जिले के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों के ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों को प्रिकाशन डोज/कोविड टीकाकरण के प्रति जागरूक करेंगी। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में मुफ्त प्रिकाशन डोज स्वयं लगवायें और अपने परिवार को भी लगवायें, तथा प्रिकाशन डोज लगवाने हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी प्रिकाशन डोज लगवाने हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही। इसी क्रम में आज कोविड की ''प्रिकाशन डोज'' के लिए प्रतिरक्षा एक्सप्रेस चलाकर लोगों को प्रेरित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग जागरूक होकर अधिक से अधिक कोविड टीकाकरण करा सकें। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जनपद में अबतक 96 हजार से अधिक लोगों को प्रिकाशन डोज से आच्छादित किया जा चुका है इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मतनहेलिया, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 उदय नाथ, चीफ फार्मासिस्ट के0के0 श्रीवास्तव, सेव द चिल्डेर्न के अखिलेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - संस्कार भारती बरेली के तत्वावधान में प्रभा सिनेमा के सामने स्थित रामानुज दयाल सरस्वती विद्या मंदिर में वर्ष 2022- 23 की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष को अध्यक्ष, उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट एवं रोहित राकेश को उपाध्यक्ष, कुलदीप वर्मा एडवोकेट को महामंत्री, उमेश अद्भुत को कोषाध्यक्ष, कमल कांत तिवारी को संयुक्त मंत्री, अमन पटेल को मीडिया प्रभारी एवं रंगोली प्रमुख किरण प्रजापति दिलवारी, संगीत प्रमुख नीलिमा रावत, साहित्य सचिव राशि पाराशरी एवं नाटक प्रमुख एस.के. कपूर को मनोनीत किया गया। मार्गदर्शक मंडल में डॉ. रंजन विशद, ऋषि कुमार शर्मा, आनंद गौतम, मोहन पांडे मनुज, पी. के. दीवाना व प्रदीप रावत रहेंगे। इस अवसर पर प्रांतीय सह नाट्य प्रमुख पप्पू वर्मा ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप वर्मा एडवोकेट ने किया।

# युवक ने नहर में लगाई छलांग लापता

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती 25 वर्षीय युवक मोहित कुमार शुक्ला पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला निवासी ग्राम भामेंपारा मौजा इटवरिया थाना इकौना जनपद श्रावस्ती आज अपनी पत्नी प्रज्ञा को ससुराल से लेकर ग्राम पुरेदिन नामगढ़ में किसी रिश्तेदार के यहां जन्मदिन मनाने के लिए जा रहा था रास्ते में अकबरपुर नहर का पुल पड़ता है वहां पर उसने अपनी पत्नी को लघु शंका की बात करने को लेकर थोड़ी दूर पर रोक दिया और जाकर के नहर में छलांग लगा दिया राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तुरंत मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना संतोष कुमार तिवारी भारी पुलिस बल तथा गोताखोर के साथ मौके पर पहुंचकर उसकी तलाश में जुट गए लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग सका है सूत्रों की माने तो मोहित कुमार शुक्ला की शादी अभी 2 वर्ष पूर्व ग्राम खरगौरा बस्ती थाना इकौना जनपद श्रावस्ती में हुई थी जिससे उसको एक 4 माह की पुत्री तान्या है मोहित कुमार शुक्ल दो भाई हैं इसमें मोहित कुमार शुक्ल छोटा है बड़ा भाई अनुराग कुमार शुक्ला एडवोकेट है जो हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करता है हालांकि खुदकुशी करने के कारण का कोई पता नहीं लग सका है गोताखोरों की मदद से मोहित कुमार शुक्ल की खोज की जा रही है उधर उसकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है

# स्वछ भारत मिशन की उडाई जा रही है धज्जिया



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बहराइच -विकासखंड नवाबगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिराई गाव मे सफाई कर्मी के ना आने से साफ सफाई की व्यवस्था चौपट हो गई है। गांव में नालिया भरी पड़ी है नालियों के ऊपर से गंदा पानी रोड पर आ रहा है

जिससे गांव में लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रधान से जाकर सफाई कर्मी के बारे में कहा ग्राम प्रधान के कई बार सफाई कर्मी को फोन किया लेकिन फोन बजता फोन नहीं उठा। लगभग 6 माह से नालियों का सफाई नहीं हुआ है जिससे बजबजआती नालियों से संक्रमण बीमारियों के फैलने की आशंका बराबर बनी हुई है गांव के ग्रामीणों ने बताया की सफाई कर्मी 6 साल 7 माह पूर्व आया हुआ था वह भी किसी दूसरे को लाकर सफाई करवा कर चला गया तब से आज तक नहीं आया ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की मांग किया है।

# पुलिस ने चोरी की बाइक समेत दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार/शाहजहांपुर- पुलिस अधीक्षक के निर्देश में रोकथाम अपराध संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग व? वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाया जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी पुवायां पंकज पंत के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक खुटार के नेतृत्व में थाना खुटार पुलिस द्वारा आज आज बुधवार को मुखबिर की सूचना पर करीब 4- 20 बजे ग्राम तुलापुर मोड़ पर ग्राम बेला की ओर से अभियुक्तगणों अकरम पुत्र वशिद उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम नवगछिया नवापुर थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर व मुजीब पुत्र सलीम उम्र करीब 21 वर्ष मोहल्ला सिकलापुर थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी, अशफाक पुत्र अज्ञात निवासी कस्ता मितौली थाना मितौली जनपद लखीमपुर व कयूम पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला पुरानी मस्जिद कस्ता मितौली थाना मितौली जिला लखीमपुर के कब्जे से 03 अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गयी, तथा अभियुक्तगण अकरम व मुजीब को मौके पर गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त अशफाक व कयूम अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गए बरामदी के आधार पर अभियुंक्तो के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ई0एस0आई0 कार्यालय के साथ ही ई0एस0आई0 हास्पिटल तथा ई0एस0आई0 द्वारा इलाज की पूरी व्यवस्था के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कमिश्नरी सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध एवं गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि उद्योग विकास हित में मुरादाबाद शहर की सड़कों को सुरक्षित कराने में उद्यमियों का सहयोग अपेक्षित है। सीवर लाइन डाले जाने के कारण खराब हुई सड़कों को मण्डलायुक्त ने तत्काल दुरस्त किए जाने के निर्देश दिये, ताकि आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त ने बैठक में उद्योगों के माध्यम से नये रोजगार विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए मण्डल के चहुंमुंखी एवं संतुलित औद्योगिक विकास की कार्यवाही के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने ओ0डी0ओ0पी0 के



अर्न्तगत मण्डल के सभी जनपदों में तैयार किये गये उत्पादों का कमिश्नरी सभागार में फीता काटकर उद्घाटन किया। सोर्सिंग हब संचालित किए जाने के संबंध में मुख्य अभियन्ता मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि सोर्सिंग हब एवं वेयर हाउस काम्प्लेक्स की लीज डीड का ड्राफ्ट उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 लखनऊ द्वारा सहमति प्रदान कर दी गयी है तथा शीघ्र ही सोर्सिंग हब संचालित किए जाने के संबंध में उसे उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 लखनऊ को हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। रामपुर रोड, एकता विहार, कबीरनगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी हेतु आर0सी0सी0 नाले का निर्माण कराये जाने के संबंध में सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि प्रस्तावित नाले के संरेखण का सर्वेक्षण प्राधिकरण द्वारा कर लिया गया है जिसकी डिजाइन व ड्राइंग तैयार की जा रही है। एकता विहार उत्तरी से जीरो प्वांइट रामपुर रोड तक स्थित कच्चे नाले को भी विस्तुत डिजाइन व ड्राइंग प्राप्त होने व तद्नुसार भा0रा0प्रा0/वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने के उपरान्त उक्त नाले के खण्ड को भी पक्का बनाये जाने हेतु डीपीआर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जायगी। लो0नि0वि0 द्वारा अवगत कराया गया है कि हनुमान मूर्ति पंडित नगला मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर डिवाइडर के निर्माण हेतु आगणन स्वीकृति/आवंटन हेतु नगर आयुक्त नगर निम मुरादाबाद को प्रेषित किया गया है। मण्डलायुक्त ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभाग, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं भारतीय राष्ट्रीय राज्यमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

## नवी वाहिनी पीएसी में पश्चिमी जोन की प्रतियोगिता में छाए मेजबान



मुरादाबाद में बुधवार को नवी वाहिनी पीएसी के मैदान पर पश्चिमी जोन की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन डीआईजी मुरादाबाद शलभ माथुर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। बॉक्सिंग का उद्घाटन मैच नवी वाहिनी पीएसी के राहुल कुमार और 28 वाहिनी पीएससी इटावा के विनय कुमार के बीच हुआ।

मुकाबला काफी रोमांचक रहा। शुरुआत के कुछ मिनटों तक दोनों ही खिलाड़ियों ने शानदार पंच जड़कर अंको को हासिल कर बढ़त बनाने की कोशिश की। बाद के कुछ मिनटों में मेजबान नवी वाहिनी पीएसी के राहुल कुमार ने एक के बाद एक जोरदार पंच जड़कर जीत हासिल की। दूसरा मुकाबला 23 वाहिनी पीएसी मुरादाबाद और 44 वाहिनी पीएसी मेरठ के बीच खेला गया मैच में मेरठ के रविंद्र मलिक ने 23 पीएसी के सुमित को हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता का समापन 27 अगस्त को किया जाएगा। पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज के एडीजी रवि जोसेफ विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन की 14 वाहिनी के करीब 800 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर नवी वाहिनी पीएसी की सेना नायक डॉक्टर ख्याति गर्ग अमित कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अब तीन सौ बेड का बनेगा मुरादाबाद का जिला अस्पताल

मुरादाबाद -मंडल स्तर के सरकारी अस्पताल में अब इलाज के लिए ज्यादा संख्या में मरीजों को भर्ती होने की सहूलियत मिल सकेगी। जिला अस्पताल के वार्डों में बेड की संख्या बढ़ाकर तीन सौ करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने बेड की संख्या बढ़ाने की अनुमति मांगने के साथ ही इसके लिए जरूरी सहायता की गुहार शासन से लगाई है। वर्तमान में मुरादाबाद का जिला अस्पताल 187 बेड का है, लेकिन, मरीजों की बढ़ती हुई संख्या के मद्देनजर अस्पताल प्रशासन ने वार्डों में बेड बढ़ाकर 220 तक पहुंचा दिए हैं। अपर निदेशक एवं प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ.नरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि कोविड महामारी का प्रकोप समाप्त होने के बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या ढाई गुना बढ़ गई है। वर्तमान में सभी बेड फुल हो गए हैं। जिसके मद्देनजर अस्पताल प्रशासन बेड संख्या बढ़ाकर तीन सौ तक पहुंचाने की कार्यवाही में जुट गया है। साथ ही शासन से अस्पताल में तीन सौ बेड की अनुमति मांगी गई है। अस्पताल में तीन सौ बेड की व्यवस्था करना बहुत जरूरी हो गया है।

## 24 घंटे बाद भी ई-रिक्शा चालक के कातिल ले रहे खुली हवा में सांस

मुरादाबाद -चौबीस घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। मैनाठेर थाना क्षेत्र में लूट के विरोध पर ई-रिक्शा चालक की हत्या का पुलिस कोई सुराग तक नहीं लगा सकी है। गिरफ्तारी तो दूर की बात है। कातिल खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे मृतक के परिवार वालों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश है। एहसान पुत्र सुल्तान कटघर के करूला स्थित गली नंबर दस का रहने वाला था। वह विकलांग था। सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह ई-रिक्शा लेकर निकला था। सोमवार रात करीब नौ बजे तक घर नहीं लौटा। उसकी भारी वस्तु के प्रहार से हत्या कर दी गई। ई-रिक्शा की बैट्री लूटने के बाद शव को मधुपुरी स्थित धान के खेत में फेंक दिया था। चौकीदार मुनेश की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस की जांच में एहसान के करीबियों द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात सामने आई है। पुलिस की टीम करीबी ई-रिक्शा चालकों का रिकार्ड खंगालने में जुटी हुई है। बुधवार को भी कई लोगों से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सीओ बिलारी डाक्टर गणेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस की टीम जुटी हुई है। जल्द ही वारदात का पर्दाफाश किया जाएगा।

## जमीन के विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाने का किया प्रयास

मुरादाबाद -जमीन के विवाद में विवाहिता ने बुधवार की दोपहर कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। परिजनों ने किसी तरह से बचाया। पीआरवी ने महिला को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी राजेंद्र और उसके भाई सोमपाल पुत्रगण रामपाल के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। बुधवार की दोपहर राजेंद्र की पत्नी मुकेश देवी का देवर और देवरानी के साथ विवाद हो गया। उस समय राजेंद्र खेत पर गया हुआ था। मुकेश देवी ने कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह विवाहिता को फांसी के फंदे से उतारकर पीआरबी को सूचना दी। विवाहिता को पीआरवी राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने विवाहिता की हालत ठीक बनाई। कोतवाली पुलिस ने विवाहिता की बेटी मीनाक्षी के बयान दर्ज किए।

## मुरादाबाद रीजन का हर चालक-परिचालक वर्दी में करेगा ड्यूटी

मुरादाबाद -अगले माह मुरादाबाद रीजन का हर चालक-परिचालक वर्दी में नजर आएगा। परिवहन निगम ने प्रदेश के सभी जिलों को चालक-परिचालकों को वर्दी और नेम प्लेट के साथ रोडवेज को अलग पहचान देने की तैयारी की है। सितंबर पंद्रह तक जो चालक परिचालक वर्दी में ड्यूटी नहीं करेगी उस पर जुर्माना डाला जाएगा। नए आदेश के चलते हर जिले में रोडवेज रीजन में रेगुलर व संविदा स्टाफ को वर्दी के लिए रकम दी जा रही है। रोडवेज में चालक परिचालकों के लिए वर्दी की व्यवस्था कोई नई नहीं है लेकिन लंबे समय से चालक परिचालक शत प्रतिशत इसका पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अब मुख्यालय ने पूरे प्रदेश में यूपी रोडवेज को पहचान देने के लिए चालक परिचालक को वावर्दी करनी व्यवस्था की है। इसको लेकर हर रीजन में चालक-परिचालकों को 18 सौ रुपए वर्दी के लिए दिए जा रहे हैं। मुरादाबाद रीजन के सात डिपो में करीब ढाई हजार चालक-परिचालक हैं, जिनके लिए मुख्यालय से बजट आ गया है और स्टाफ को दिया जा रहा है। मुरादाबाद डिपो के एआरएम नरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि पांच सितंबर तक सभी चालक परिचालकों को वर्दी में ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए गए हैं जो स्टाफ आदेश की अवहेलना करेगा उस पर मुख्यालय के निर्देश पर जुर्माना डाला जाएगा। चालक-परिचालक के वर्दी में होने से यूपी रोडवेज के स्टाफ की अलग पहचान होगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Need to be controlled

The developments in the alleged controversial video of Telangana BJP MLA T Raja going viral, his arrest by the Hyderabad Police and then his suspension by the party have once again brought back memories of the Nupur Sharma episode and the tragic events that followed. That controversial statement had sparked a reaction from many Islamic countries around the world, and the Foreign Ministry with its commendable activism then barely cooled the matter. In that case too, the BJP had shown the way out of the party by taking strict action against party spokesperson Nupur Sharma and another leader Naveen Kumar. Nupur is now fighting her own legal battle. Although, there is no dearth of those who give statements in his favor and hold street meetings, but these expressions are acceptable and will be acceptable only within the scope of law. Therefore the prompt actions of Telangana Police and Bharatiya Janata Party should be praised. The BJP, while handing over a notice to Raja, asked why he should not be expelled from the party. The tendency to create religious animosity has now become dangerous and has to be dealt with sternly. Only last month, National Security Advisor Ajit Doval had warned that some people are creating bitterness and conflict in the society in the name of religion and ideology and its effect is not only affecting the whole country but also outside. Doval's concern should be understood. In the world we live in, we can move forward not in isolation, but only with the support of broad support.


From our energy security to the UN Security Council, we need the cooperation of the entire world community including Islamic countries. Then we have the legacy of the world philosophy of Sarvadharma Sambhav, which has not only been appreciated but recognized all over the world. The irony is that only a handful of our own people have started challenging this legacy. The first of the five vows given by Prime Minister Narendra Modi on 15 August for the next 25 years is to become a developed nation! Will the conduct of T Raja help in this? No! Countries with a demographic structure like ours cannot succeed without an inclusive approach. Therefore, there is a need to sharpen the edge of politics of religious hatred and hatred. Neither the Indian Constitution allows it nor the aspirations of becoming a developed nation will allow it. Especially the BJP and the parties involved in the ruling coalition have a greater responsibility to come out vocally against any activity that damages the social fabric, only then will all the political-social organizations of the country get the message that freedom of expression. It is not meant to hurt anyone's faith or say anything. Ignoring anti-social elements for immediate gains harms the long-term interests of the country. Then those who try to spit poison by sitting in important positions, their crime is more serious. Of course, appeasement of any kind cannot be advocated, but if the rule of law establishes its identity, then where will there be any scope for it?

# Nora Fatehi gave a bold pose in a deep neck Thai high slit gown, fans said, 'Mostbeautiful'



Nora Fatehi has shared a bold video on Instagram. In this, she can be seen wearing a golden colored deep neck Thai high slit gown, leaving the vanity van and going to sit in the car. Nora Fatehi is wearing makeup. Her hair is open. Nora Fatehi's video has got 1080,000 likes - In the video, the vanity van door opens and Nora Fatehi is seen. She looks at the camera, poses and shows off different looks After this she gets down from the vanity van and moves towards her car. The video of Nora Fatehi has gone viral on Instagram. It has got 1080,000 likes. While the video has been commented on close to 6000. Many people have heart on the video. And shared the emoji of fire. While many people have commented on the video like Amazing, Nice, Beautiful, So beautiful, Looking so beautiful, Wow, Most beautiful. Nora Fatehi is looking very beautiful in the video - Nora Fatehi very beautiful in the video Looks like Nora Fatehi is very active on social media. Nake has 40 million followers on Instagram. She also often talks to her fans. Due to this her fans are very excited. Nora Fatehi has also done special numbers in many films - Nora Fatehi recently shared a video. Wearing a black backless dress, she can be seen posing. This video of Nora has got more than 10 lakh likes. She has also done special numbers in many films. Apart from this, she has also worked in many films. She has also appeared in many music videos. I have also seen

## Priyanka Chopra shared childhood picture, such was the reaction of husband Nick Jonas



All the fans of Bollywood actress Priyanka Chopra know what kind of chemistry the actress had with her father. Priyanka Chopra was deeply in love with her father Ashok Chopra and says that her father worked hard to get PC stable in Bollywood. On her father's birth anniversary, Priyanka Chopra has shared a picture of her childhood on Instagram which is going viral. Priyanka wrote a beautiful caption – In the photo, little Priyanka Chopra is seen playing with her father in the snow. Sharing this photo, Priyanka Chopra wrote, 'Happy Birthday Papa. We miss you. everyday.' Priyanka Chopra's husband Nick Jonas has reacted to this post on PC. He has shared his feelings by making a heart emoji in the comment section. Follower's reaction on the post- While many other celebrities have also given their reaction by making a heart emoji on this photo, many fans were amazed to see Priyanka Chopra's cuteness in the picture. One user wrote in the comment section – Your little cute smile. You are looking so cute, little girl.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# सपा नेता पर कार्रवाई पर जारी, जुगेंद्र सिंह यादव के कॉलेज की जमीन और प्लॉट जब्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सपा नेता जुगेंद्र सिंह यादव पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव के एक महाविद्यालय की जमीन और प्लॉट को जब्त कर लिया। इसके अलावा उनकी पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा यादव की भी जमीन जब्त की गई है। गैंगस्टर एक्ट में जुगेंद्र सिंह और उनके बड़े भाई पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव पर कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने उनकी और परिजन की चल-अचल संपत्तियां कुर्क कर जब्त करने का आदेश दिया। इसके तहत लगातार संपत्तियों के जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। विवेचना के दौरान कुछ नई संपत्तियां भी सामने आई हैं। इसे लेकर मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई की। सकीट ब्लॉक क्षेत्र में आसपुर स्थित श्रीमती धूपकली लालाराम महाविद्यालय आसपुर में जुगेंद्र सिंह के हिस्से की 0.121 हेक्टेयर कृषि भूमि को जब्त कर लिया गया। इसकी कीमत एक लाख रुपये है। इस कॉलेज के प्रबंधक जुगेंद्र सिंह यादव थे। वहीं जुगेंद्र एंड कंपनी के नाम शीतलपुर स्थित 7.50 लाख रुपये का प्लॉट जब्त किया गया है। इसके अलावा आसपुर स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष की 0.128 हेक्टेयर कृषि भूमि को जब्त किय गया है। इसकी कीमत 83333 रुपये है। तीनों ही स्थानों पर जब्तीकरण कार्रवाई के बाद मुनादी कराई गई और नोटिस चस्पा किए गए।

# विश्व हिन्दू परिषद् का 58वाँ स्थापना दिवस



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद् का 58वाँ स्थापना दिवस ग्रीन गार्डन ठंडी सड़क एटा पर अयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश त्यागी जी प्रांत संयोजक बजरंग दल, विकास जी जिला प्रचारक, डा.दिनेश वशिष निर्वतमान अध्यक्ष, अरविंद चौहान विभागाध्यक्ष ने भी विहिप स्थापना पर अपने उद्बोधन दिए कार्यक्रम का संचालन जिलामंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ ने किया
मंच पर जिलाकार्य अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता साथ कार्यक्रम अध्यक्ष संजय गुप्ता जी रहे। प्रांत उपाध्यक्ष अर्चना सक्सेना,जिला सहमंत्री शिवांग गुप्ता,नगर अध्यक्ष पंकज सिंह राठौर, जिला सह संयोजक बजरंग दल अनुभव गुप्ता, मुकेश राठौर, राजेश चौहान पवन कुमार, सौरभ सोलंकी, डा.दिनेशराजदीप गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय नरेंद्र सिंह तोमर एड. आदि अनेक विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ समाज से गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर समारोह का समापन किया गया।

# गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला युवक का शव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नयागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनी देहेलिया में 40 वर्षीय युवक का शव सोमवार देर रात गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला। पोस्टमार्टम में मौत की वजह दिल का दौरा बताई गई है। पोस्टमार्टम हाउस पर मंगलवार को कुरावली निवासी विमलेश ने बताया कि उनका 40 वर्षीय साला संतोष अकेला ही रहता है। उसकी शादी नहीं हुई थी। मां-बाप भी नहीं हैं। सोमवार रात 10 बजे के करीब उसका शव गांव के बाहर खेत में पड़ा देखा गया। गांव वालों ने फोन कर सूचना दी, जिस पर वह गांव पहुंचे। पुलिस को जानकारी दी तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नया गांव थानाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि युवक का शव खेत में मिला है। बीमारी से मौत बताई जा रही है।

# हत्या तथा आर्म्स एक्ट के दो अलग-अलग मामलों के एक आरोपी को मिली सश्रम आजीवन कारावास

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से हत्या तथा आर्म्स एक्ट के दो अलग-अलग मामलों के एक आरोपी को मिली सश्रम आजीवन कारावास एवं 75,000 रुपए के जुर्माने की सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 23.08.2022 को अभियुक्त नीटू कुमार पुत्र सुरेशचंद्र निवासी महाराजपुर थाना पिलुआ जिला एटा को संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 84/16 धारा 302 भादवि0 एवम मुकदमा अपराध संख्या 94/16 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट थाना पिलुआ जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय डीजे कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास एवं 75 हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# लंपी वायरस : केस मिलने के बाद बढ़ाई गई निगरानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिले में लंपी वायरस के लक्षण एक गाय में सामने आए हैं। इसे लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है। खासतौर से पशुपालकों को सुझाव दिया जा रहा है कि अभी जिन राज्यों, जिलों में बीमारी फैली है, वहां से पशु खरीदकर न लाएं। इसके साथ ही पशु पैठों पर रोक लगाने की भी तैयारी कर ली गई है। जलेसर क्षेत्र के गांव कुंजलपुर में शनिवार को एक गाय में लंपी स्किन डिसीज के लक्षण दिखे। पशुपालक की सूचना पर वहां पशुपालन विभाग की टीम गई। टीम ने भी लक्षणों को देख इसे संदिग्ध केस माना और गाय को आइसोलेट कर उसका इलाज शुरू कर दिया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इस समय लंपी बीमारी को लेकर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हर तहसील क्षेत्र पर डिप्टी सीवीओ के नेतृत्व में एक-एक टीम का गठन किया गया है। जिसमें दो डॉक्टर और एक पशु धन प्रसार अधिकारी शामिल किया गया है। इनके नंबर जारी किए गए हैंम किसी भी पशुपालक को अगर पशु में लंपी बीमारी के लक्षण महसूस होते हैं तो तुरंत टीम के नंबर पर संपर्क करे। उन्होंने बताया कि राजस्थान, हरियाणा में बीमारी का प्रकोप ज्यादा है। ऐसे में पशुपालकों को राय दी जा रही है कि फिलहाल इन क्षेत्रों से पशु खरीदकर न लाएं। यह भी बताया कि पशु पैठों में भी लोग बाहर से पशुओं को खरीद-फरोख्त के लिए लाते हैं। जिलाधिकारी से इस तरह की पैठों पर रोक लगाने के लिए अनुमति लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# अलीगंज में बच्ची समेत सात कोरोना संक्रमिल मिले

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कोरोना की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को अलीगंज क्षेत्र में एकसाथ सात मामले मिले हैं। संक्रमितों में तीन वर्षीय एक बच्ची भी शामिल है। अब सक्रिय मरीजों की संख्या 23 हो गई है। ब्लॉक अलीगंज में अब तक सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। सोमवार को आई आरटीपीसीआर रिपोर्ट में कस्बा राजा का रामपुर में तीन वर्षीय बच्ची, पांच वर्षीय बालक और 35 वर्षीय युवक संक्रमित पाया गया। कस्बा अलीगंज में 34 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित मिला है। इनके अलावा तीन युवक ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। कोरोना की लगातार संख्या बढ़ रही है, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अलर्ट करता आ रहा है। सीएमओ डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्योहार पर लोगों का भीड़भाड़ रहने से संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। लोगों को सुरक्षित रहने के लिए भीड़भाड़ से बचना होगा। अगर कोरोना नियमों का पालन नहीं किया तो संख्या और भी बढ़ सकती है। सोमवार को मिले संक्रमितों को आइसोलेट कराया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी के अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन दिखा जनसैलाब

## सरकार ने मांगों को लेकर किसी तरह से नहीं दिखाई गंभीरता

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर--छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन पुराना बस स्टैंड प्रतीक्षालय में अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर दिखा जनसैलाब छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बुधवार 24 अगस्त को सूरजपुर के कर्मचारियों का जनसैलाब उमड़ा है। इस मौके पर फेडरेशन के जिला संयोजक अनिल कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा अभी तक हड़ताल को लेकर किसी तरह की भी आश्वासन या टिप्पणी नहीं की गई है। शासन अपने कर्मचारियों की मांगों को लेकर किसी तरह से भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और कर्मचारियों को लगातार अनदेखा कर रहे हैं। इस कारण आज भी आंदोलन के तीसरे दिन हम पूरे जोश से डटे हुए हैं।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में ब्लाकों में आज बढ़ती उपस्थिति से आंदोलन वृहद रूप की ओर अग्रसर है ।आज के आंदोलन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ एवं फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष तथा पदाधिकारी सचिन त्रिपाठी, मो.सलीम खान, नजीर अहमद खान, सुभास चंद्र पांडे ,संजय प्रसाद सोनी,राजेश कुमार साहू, पुष्पराज सिंह यादव, रमेश राजवाड़े,संदीप गुप्ता, जुगेश्वर प्रसाद, संजय त्रिपाठी, आर. बी. शिवहरे, विजय साहू, ओम कुमार गुप्ता, एस के मिश्रा , शलैश गुप्ता,सत्यप्रकाश पाठक , बाबूलाल चैधरी, सहित हजारों साथी शामिल रहे।

# राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 बिलासपुर में जीपीएम ने दिखाया दम




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही - राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स फेडरेशन के तत्वावधान में बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में 19 से21 अगस्त तक किया जिसमें विभिन्न आयुवर्ग के राज्य के 25 जिलों के एथलीट ने हिस्सा लिया इस प्रतियोगिता में नवीन जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही ने भी काफी मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज की लगभग 1250 एथलीटों के इस प्रतियोगिता में जीपीएम ने अपने आप बहुत मजबूती से साबित किया और प्रतियोगिता में 22 मेडल पर कब्जा जमाया जिसमें गोल्ड मेडल ( 04 ) शिल्पी राठौर -100मी 200मी बेबी मराबी -गोला फेंक,देवेंद्र सिंह ट्रिपल जम्प सिल्वर मेडल ( 09 ) अरुण यादव -800 मीटर 1500 मीटर लक्ष्मी -5000 मीटर रविशंकर -100 मीटर प्रीति पूरी -5000 मीटर यशोदा ओट्टी- लांग जम्प मनीषा मराबी -100 मीटर 200 मीटर बबली -800मीटर ब्रॉन्ज मेडल( 09 ) कविता पड़वार - 800 मीटर 1500 मीटर संदीप राठौर -भाला फेंक अशोक कुमार -भाला फेंक ,संगीता चौधरी- 400 मीटर रामवती मार्को -गोला फेंकयशोदा ओट्टी -100 मीटरसंगीता उदय- लांग जम्प मुस्कान अली -800 मीटर सभी एथलीटों को बहुत बहुत शुभकामनाएं इस तरह की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन और सुविधाओं के लिए जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव ने नागेन्द्र सिंह ने कहा कि जल्द ही हम हमारे जिले के मेडलिस्ट एथलीटों का सम्मान समारोह आयोजित करेंगे और खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे जिससे हमारे क्षेत्र के एथलीट राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी नाम रोशन कर सके।

# रायपुर में BJYM का हल्ला बोल, सांसद तेजस्वी बोले- इस हुंकार से कुर्सी हिली, अगली बार भूपेश सरकार का गिरना तय



छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बेरोजगारी भत्ता को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में BJP ने बुधवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोला। भाजयुमो अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि दिसंबर तक सभी सरकारी वेकैंसी को भरा जाए। भूपेश सरकार को 3 माह का अल्टीमेटम देते हैं। युवा मोर्चा पीछे पड़कर यह काम करवाएगा। दिसंबर में युवा मोर्चा फिर एक बार हुंकार भरेगा। इस हुंकार से कुर्सी हिल गई है। अगले हुंकार में सरकार गिरना तय है। उन्होंने कहा कि भाजयुमो के आंदोलन से भूपेश सरकार डर चुकी है। पुलिस डर चुकी है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने युवा संकल्प ले चुका है। तेजस्वी सूर्या ने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा मोर्चा ने जिस तरह से आंदोलन किया है, जिस तरह से सरकार को डरा दिया है। ऐसा आंदोलन मैंने नहीं देखा है। मैं हनुमान की जन्मस्थली कर्नाटक से आता हूं, आज श्रीराम के ननिहाल आया हूं। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष करने का समय है, लाठी खाने का समय है और सरकार को उखाड़कर फेंकने का समय है। नगर निगम के पास सभा करने के बाद छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बेरोजगारी भत्ता को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में BJP ने बुधवार को राजधानी रायपुर में हल्ला बोला। प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ भाजपा ने बड़ा आंदोलन किया। भाजपा कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे। सीएम हाउस घेराव को लेकर कार्यकर्ता पुलिस से जद्दोजहद करती रही।

### हजारों कार्यकर्ता गिरफ्तार, सेंट्रल जेल कैंपस लेकर गए

हल्ला बोल में पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं को रोकने पुलिस प्रशासन ने सड़कों पर बैरीकेड्स लगाए थे। कंटेनरों को भी रख दिया था। भाजयुमो के कार्यकर्ता बैरिकेड्स तोड़कर पुलिस वालों से जूझते हुए मुख्यमंत्री निवास के करीब पहुंच गए थे। पुलिस ने बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर सेंट्रल जेल कैंपस ले गई। पुलिस ने रायपुर विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव सहित हजारों भाजपाइयों को जेल परिसर के ओपन एरिया में रखा जा रहा है। इनके नाम-पते नोट किए जा रहे हैं। नगर निगम के पास हुई सभा में मंच से BJYM अध्यक्ष व सांसद तेजस्वी सूर्या, छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजयुमो अध्यक्ष अमित साहू सहित भाजपा नेताओं ने भूपेश सरकार पर हमला बोला। भूपेश बघेल सरकार को घोषणा पत्र के वादों की याद दिलाई।

# 34% DA और HRA पर अड़े सरकारी कर्मचारी, काम छोड़कर धरने पर बैठे, हड़ताल से दफ्तरों में छाया सन्नाटा



छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल से दफ्तरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता ( DA ) और गृह भाड़ा भत्ता ( HRA) बढ़ाने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बुधवार को हड़ताल का तीसरा दिन है। आंदोलन की वजह से स्कूलों में पढ़ाई, न्यायालयीन कामकाज, राजस्व मामलों के निपटारे से लेकर सामान्य सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं। लगभग 4 लाख कर्मचारियों के हड़ताल से आम जनता की परेशानी बढ़ गई है। ब्लॉक, जिला मुख्यालय और मंत्रालय तक हड़ताल से कामकाज ठप हो गया है। हड़ताल में अब 101 कर्मचारी-अधिकारी संगठन के शामिल होने की बात कही जा रही है। इधर आंदोलन को लेकर सरकार भी सख्ती के मूड में है। जिलों कलेक्टरों को वैकल्पिक व्यवस्था से कामकाज जारी रखने को कहा गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने 6% महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने का आदेश जारी किया गया है, लेकिन इस आदेश को लेकर कर्मचारी और अधिकारियों में भारी नाराजगी है। प्रदेश में कर्मचारी संगठनों का कहना है कि महंगाई भत्ता 12त्न बढ़ाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था। केंद्र सरकार के सामान महंगाई भत्ता की मांग की गई थी, लेकिन सरकार ने 6त्न महंगाई भत्ता बढ़ाया है, जिससे कर्मचारियों के हक पर डाका डाला जा रहा है। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन 3 चरणों में आंदोलन कर चुका है। महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता को लेकर 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह पर कर्मचारी निकल चुके हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से एक बार फिर आम जनता की मुसीबत बढ़ गई है। कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनकी मांगों पर शीघ्र फैसला लेने की बात कही है। वहीं सीएम कह चुके हैं कि सौदेबाजी नहीं चलेगी। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि मांगों पर सहमति जताते हुए अफसरों ने सीएम भूपेश बघेल से अंतिम चर्चा कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन साजिशपूर्ण तरीके से कर्मचारियों के हड़ताल को तोड़ने चक्रव्यूह बनाकर 6त्न डीए कर्मचारियों को देने का प्लान बनाया। केंद्र के समान 34त्न मंहगाई भत्ता एवं सातवें वेतन में गृहभाड़ा भत्ता की घोषणा नहीं किए जाने के कारण फेडरेशन ने अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया। शासन द्वारा 6% मंहगाई भत्ता का आदेश जारी किया गया है, जो कर्मचारियों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं है।